तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 22 जून 2025


14 शिक्षा और सुरक्षा का केंद्र है आवासीय बालिका...


16 योग का सीधा अर्थ होता है जुड़ना : रीता



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब बेचने के जुर्म में एक महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बालसी में जलकुंवर अजय द्वारा अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री हेतु रखे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी जलकुंवर अजय पति दशरथ अजय (40) बालसी थाना सरायपाली के कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब्त किया।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, अधिकारी

# लक्ष्मण मंदिर परिसर में हुआ योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पुरातात्विक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर

- सांसद के साथ आलाधिकारी एवं स्कूली बच्चों ने किया योगाभ्यास

में स्थित लक्ष्मण मंदिर परिसर में आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों से लेकर जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, रायपुर मंडल द्वारा किया गया, जिसमें सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में उन्होंने कहा,"योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो तन, मन और आत्मा का संतुलन स्थापित करता है।"

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग आज वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुका है और 177 देशों द्वारा इसे अपनाया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सिरपुर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास जारी हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के राज्य प्रमुख मुथैया काली मुथूट सहित आला अधिकारी भी मौजूद थे । इस अवसर पर अतिथियों ने लक्ष्मण देवालय परिसर में काजू और आम के पेड़ लगाए गए। सांसद ने स्कूली बच्चों के साथ योगाभ्यास करके उनको प्रतिदिन योग को दिनचर्या में शामिल करने प्रेरित किया। उहोंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का बड़ा महत्व है,योग एकाग्रता बढ़ती है।



### अतिथियों ने लगाये काजू और आम के पौधे

इस दौरान अतिथियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इसके बाद अतिथियों ने लक्ष्मण देवालय परिसर में काजू और आम के पेड़ लगाए। सांसद ने स्कूली बच्चों के साथ योगाभ्यास करके उनको प्रतिदिन योग की दिनचर्या में शामिल करने प्रेरित किया। उहोंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का बड़ा महत्व है एयोग एकाग्रता बढती है।



### ये लोग रहे कार्यक्रम में शामिल

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, दाऊ लाल चंद्राकर सहित कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, वनमण्डलाधिकारी मयंक पांडेय,जिला पंचायत सीईओ एस आलोक,अपर कलेक्टर रवि साहू, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह के अलावा जिला अधिकारी, स्कूली बच्चे, ग्रामीण एवं युवा जन मौजूद रहे।

### इन्होंने ने भी दी अपनी प्रतिक्रिया

छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि योग करें, निरोग रहें, यही हमारे जीवन की सच्ची पूंजी है। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि आज का दिन भारत के इस योग विधा को अपनाने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को पूरे विश्व ने अपनाया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग मानव जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने भी योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए इसके विविध लाभों को रेखांकित किया(

# पूर्वजों की स्मृति को धांधी परिवार ने किया जीवंत: डॉ.द्विवेदी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा

यह हैरत की बात है कि मृत्यु के 48 साल बाद किसी कवि की यादें उसकी कर्म भूमि से जुड़ी हुई है। उनके साहित्यिक बिरादरी के लोग और ग्रामवासी उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए आज उसी गाँव में उसकी प्रतिमा का अनावरण कर एक संस्कारवान परिवार होने का परिचय दिया है। वर्तमान परिवेश में जब लोग अपने जीवित बुजुर्ग मां बाप की कद्र नहीं करते उनकी उपेक्षा करते है उनसे दूर रहने की कोशिश करते है ऐसे माहौल में धांधी परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति और उनकी साहित्यिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने का जो प्रयास किया है, वह पारिवारिक संस्कार की एक अद्भुत मिसाल है। उक्त उद्गार हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्व. कवि मधु धांधी की 74 वें जन्म दिवस के अवसर पर पर अयोजित साहित्यिक परिचर्चा एवं प्रतिमा अनावरण के अवसर पर मुख्य आतिथ्य के आसंदी से व्यक्त की।

उन्होंने मधु धांधी के साहित्यिक संदर्भों में विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि मधु धांधी एक साहसिक कवि थे। जिन्होंने सच्चाई के अभिव्यक्ति के लिए जीवन भर संघर्ष किया। महज 26 वर्ष की उम्र में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए आने वाले भविष्य की चुनौतियों को सरल शब्दों में व्यक्त कर समाज में नई चेतना जागृत किया। डॉ. द्विवेदी ने गांधी की एक कविताओं का जिक्र किया-किसी धोबी के कहने पर नहीं वह राम बनना है, बिटिया को तज दिया जिसने वह राम नहीं बनना है। उनकी साहित्यिक रचनाओं में साहस का गुण प्रचुर मात्रा में भरा हुआ था। वे एक साहसिक कवि थे। यही उनके काव्य की प्रमुख विशेषता थी। उनकी रचनाएँ क्रांतिकारी भावनाओं से ओतप्रोत थी।वे छोटे-छोटे शब्दों में अपनी बात कह जाते थे। आमंत्रित अतिथियों के स्वागत पश्चात कार्यक्रम के प्रमुख सूत्रधार वरिष्ठ साहित्यकार स्वराज्य करूण ने मधु धांधी के पारिवारिक पृष्ठ भूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 21 जून 2025 को उनकी 74वीं जन्मतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कर समाज को एक नई दिशा प्रदान की है। मधु धांधी अंचल के सुमधुर कवि थे जिनकी रचनाओं में मेहनतकस मजदूर की व्यथा एवं उसकी मानसिक मनोदशा झलकती थी। कितना खटना पड़ता है, तब मानव को रोटी मिलती है, कितने उघरे देह यहां बरसों में धोती मिलती है, भूखे को कब रोटी मिलती कब नंगों वस्त्र मिला, हम बंदी धन वाले शासक कैदी को कब अस्त्र मिला है। मधु धांधी की स्मृति में आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने अध्यक्षता की। इसके अलावा वरिष्ठ भाषाविद साहित्यकार चितरंजन कर, जीआर राणा, डॉ. शिवशंकर पटनायक, डॉ. धीरेंद्र साव एवं प्रवीण प्रवाह ने अपने विचार अभिमत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ सदस्य उमेश दीक्षित एवं आभार प्रदर्शन परिवार के सदस्य मधु धांधी के पोता घनश्याम धांधी ने किया। साहित्यिक परिचर्चा एवं प्रतिमा अनावरण समारोह में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सांकरा के साहित्यिक साहित्यकारों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित आमंत्रित साहित्यकारों मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी, अध्यक्ष चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, साहित्यकार डॉ चितरंजन कर,जीआर राणा, स्वराज करुण, प्रवीण प्रवाह को शाल श्रीफल, मोमेंटो देकर धान्धी परिवार के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** गढ़फुलझर रोड छोटेडाभा के पास बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चंदन सिंह ठाकुर ऊर्फ दारा पिता अर्जुन सिंह ठाकुर (42 साल) लमकसा के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2400 रुपए एवं वाहन हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 9885 कीमत 50,000 रुपए कुल कीमती 52,400 रुपए को जब्त किया गया। मामलेमें आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

# रेत का अवैध उत्खनन करते 2 जेसीबी लोडर और 2 हाइवा जब्त

**महासमुंद।** खनिज विभाग ने शनिवार सुबह बिरकोनी में 4 वाहनों को रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते पकड़ा। खनिज विभाग, पुलिस एवं राजस्व की टीम ने 2 जेसीबी लोडर व 2 हाइवा को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया। चारों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ कोतवाली थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# एक ट्रैक्टर अवैध लकड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव के मार्गदर्शन में अवैध वनों की कटाई के रोकथाम के लिए कड़े निर्देश पर शुक्रवार की शाम टेका टुहलू मांग पर के बीट क्रमांक 115 एक ट्रैक्टर लकड़ी जब्त की कार्रवाई की गई है। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भुनेश्वर तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टेका टुहलू मार्ग के पास एक ट्रैक्टर सीजी 06 जीडब्लूएन 7155अवैध रूप से बल्ली व मिश्रित प्रजातियों जलाऊ लकड़ी को परिवहन कर रहा है। इसके उपरांत तत्काल मोटे पर वन परिक्षेत्र अधिकारी व सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर से वैध कागज हेतु दस्तावेज की मांग की गई। दस्तावेज नहीं मिलने पर जब्त कर पीआर 9617/21 तहत अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। ट्रैक्टर से 95 नग बल्ली जब्त किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेवन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भुवनेश्वर तिवारी, वन रक्षक लोकेंद्र आवडे, चित्र सेन दीवान आदि का सहयोग रहा।






**खबर संक्षेप**

## सरकार नहीं चाहती कि किसान धान की पूरी पैदावार लें : मोती



**पिथौरा (ग्रामीण)।** जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने कहा कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में उर्वरकों, विशेषकर डीएपी की भारी किल्लत है। बीज की भी समुचित उपलब्धता नहीं है, जिससे खरीफ फसल की बुआई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। खेतों में बुआई का समय चल रहा है, मानसून की दस्तक हो चुकी है, लेकिन किसान खाद और बीज की कमी से जूझ रहे हैं।

## किसानों को खाद व बीज सुलभ उपलब्ध कराने की मांग



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के नेता राकेश झाबक ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के किसानों को खाद एवं बीज सुलभ उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि महासमुंद जिले की सहकारी समिति में डीएपी खाद की कमी है। जिससे किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। साथ ही किसानों की मांगों को समिति प्रबंधकों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। कुछ जगह पर अमानक और नकली खाद की बिक्री की खबरें आयीं हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को इस पर तत्काल संज्ञान लेने के लिए निर्देशित करने एवं राज्य के कृषि विभाग को जिले के किसानों को पर्याप्त बीज और खाद की सुलभउपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

# स्वामी धर्मानंद सरस्वती के दीक्षा दिवस पर गुरुकुल में हुआ आयुष्काम महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरियार रोड






आमसेना स्थित आर्ष शिक्षा केंद्र महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम के संस्थापक स्वामी धर्मानंद सरस्वती के 63वें दीक्षा दिवस व 85वें जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को गुरुकुल में आयुष्काम महायज्ञ और अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। प्रातः यज्ञ के बाद अभिनंदन समारोह प्रारम्भ हुआ। अतिथि के रूप में उपस्थित एमडीएच चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि एवं सर्वे भवंतु सुखिनः ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्नेहा भाटिया, आर्य समाज साकेत के मंत्री आचार्य मनजीत शास्त्री, पूर्व सांसद बसंत पंडा, चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल, गुरुकुल के ट्रस्टी कैलाश मरोदिया, डा. व्रतानंद सरस्वती आदि मंचासीन रहे। पुष्प माला आदि पहनाकर स्वामी धर्मानंद सरस्वती का अभिनंदन किया गया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। बता दें कि स्वामी धर्मानंद सरस्वती ने गुरुकुल आमसेना(ओडिशा) को केंद्र बनाकर ऋषि दयानंद के सपनों को साकार करने के लिए अपना जीवन लगा दिया। गुरुकुल शुरू होने से इस पिछड़े अंचल के आदिवासियों को शिक्षा मिली। उनसे प्रेरित होकर अनेक युवक शिक्षा, सेवा व समाजोत्थान का कार्य कर रहे है। वर्तमान में गुरुकुल की 16 संस्थाएं ओडिशा, छग, झारखण्ड व पूर्वोत्तर राज्य असम, नागालैंड के वनवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है। ऐसे कर्मयोगी संन्यासी के तप और त्याग की सभी ने सराहना की और उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर एमडीएच ट्रस्ट के प्रतिनिधि जितेंद्र भाटिया ने गुरुकुल के विकास कार्यों के लिए साढ़े पांच लाख रूपये से अधिक की धनराशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर जरूरतमदों को वस्त्र का वितरण भी किया गया। डा. कुंजदेव मनीषी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी लखनलाल लखमनिया, मुरलीमनोहर मलानी, राकेश जैन, गुरुकुल के आचार्य मनुदेव, आचार्य कोमल, आचार्य राकेश समेत विभिन्न शाखाओं के प्रमुख आचार्यगण, ब्रह्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### आयोजन: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

# शिक्षा और सुरक्षा का केंद्र है आवासीय बालिका विद्यालय: द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर के सुनसुनिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ताम्रध्वज बघेल तथा वार्ड पार्षद मंता राम यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुआ, जिसके पश्चात कन्याश्रम की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया। इसके पश्चात शाला प्रवेश उत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक, पुष्प और मिष्ठान्न से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्राओं को उपयोगी शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। विद्यालय की प्रतिभाशाली बालिकाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास को बल मिला। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिकाओं के लिए शिक्षा और सुरक्षा का केंद्र है। यहां की बच्चियां आने वाले समय में समाज और देश को नई दिशा देंगी। यह विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। राज्य सरकार की मंशा है कि हर बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उसके सपनों को उड़ान मिले। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है, और ऐसे विद्यालयों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अध्यापकों एवं विद्यालय प्रशासन को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपना सतत योगदान दिया है।

### करेंगे हरसंभव सहयोग

जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण अंचल की बालिकाओं के लिए यह विद्यालय किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे ऐसे शैक्षणिक संस्थानों को हरसंभव सहयोग प्रदान करें। अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रभारी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहजान पाशा, दुर्गेश यादव, दुर्गा सागर जनक पटेल, विद्यालयीन स्टाफ, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने किया 3 औद्योगिक संस्थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी, जटाशंकर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, तुलसी फॉस्फेट प्राइवेट लिमिटेड एवं 9ड इंडिया लिमिटेड बिरकोनी का जांच कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में किया गया। निरीक्षण के दौरान जटाशंकर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड बंद पाया गया, जिसके कारण निरीक्षण नहीं किया गया।

निरीक्षण के दौरान मनीष कुमार कुंजाम सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार, डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक विधिक नापतौल विभाग, शशिकांत प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद उपस्थित रहे। जिसमें औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार द्वारा जांच में सुरक्षा व्यवस्था नियमानुसार नहीं पाया गया, संस्थान को नोटिस जारी किया जा रहा है एवं 9एम इंडिया लिमिटेड बिरकोनी में जांच में सुरक्षा उपकरण नियमानुसार प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके लिए प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा जांच में ओवर टाइम संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। संस्थान को नोटिस जारी किया गया। 9एम इंडिया लिमिटेड बिरकोनी के जांच में ठेकेदार द्वारा लाइसेंस से अधिक कर्मचारी नियोजित किया जाना पाया गया तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके लिए प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा तुलसी फास्फेट प्राइवेट लिमिटेड की जांच में परिसर में स्थापित धर्मकांटा असत्यापित पाया गया। परिसर में जांच के लिए पर्याप्त बाट की उपलब्धता नहीं पाई गई। पैकर पंजीयन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त संबंध में संस्थान को नोटिस जारी किया जा रहा है। जांच में उत्पादन प्रमाण पत्र लेने के लिए समझाइश दी गई।

# महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण से हादसों में आएगी कमी : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि महज डेढ़ साल के कार्यकाल में ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने कार्यों में तेजी लाने का काम किया है। पूरे प्रदेश सहित जिले के विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण, पुनर्निर्माण, जीर्णोद्धार के कार्य हो रहे हैं। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अथक प्रयासों से महासमुंदवासियों को बरोंडा चौक से कलेक्टर बंगला तथा महासमुंद से तुमगांव तक 12 किमी मार्ग का चौड़ीकरण कार्य का सौगात मिला है। शहर सहित जिलेवासियों की इस बहुप्रतीक्षित मांग पर कार्य शुरू होने से नागरिकों में खुशी की लहर है।

चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद से तुमगांव तक सड़क चौड़ीकरण एवं पुल-पुलिया पुनर्निर्माण योजना को अब जाकर गति मिली है। तुमगांव से महासमुंद को जोड़ने वाली इस मुख्य मार्ग की लंबाई 12 किमी है। इस मार्ग के चौड़ाई बढ़ने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा राहगीरों को सुव्यवस्थित यातायात का लाभ मिलेगा। इन सड़कों के चौड़ीकरण होने से न सिर्फ क्षेत्र का विकास हो सकेगा, बल्कि यहां पर जाम और दुर्घटना जैसी गंभीर समस्या से लोगों को मुक्ति मिलेगी। महासमुंद से तुमगांव मार्ग पर अनेक गंभीर दुर्घटनाएं घटी है, वर्षों से लोग इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। लेकिन, अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई थी। वर्तमान में भाजपा की सुशासन के सरकार ने इन मार्गों के चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से देते हुए कार्यारंभ कराया है। जिससे महासमुंद शहर सहित तुमगांव क्षेत्र से आवागमन करने वाले नागरिकों में खुशी की लहर है। इन सड़कों के चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति दिलाकर साय सरकार ने जनहित के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है।

### कलेक्टर जन चौपाल में तीन दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जन चौपाल में जिले के तीन जरूरतमंद अस्थिबाधित दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान की गई। इनमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान के ढेलूराम देवांगन, नगर पंचायत बागबाहरा के ओंकार सिंह ठाकुर तथा महासमुंद विकासखंड के ग्राम भोरिंग के अशोक कुमार साहू शामिल हैं। कलेक्टर लंगेह ने ट्राइसिकल प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से चर्चा कर उनके रोजगार, गतिविधियों एवं जरूरतों की जानकारी ली। ट्राइसिकल पाकर सभी हितग्राही बेहद खुश दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि अब वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से आ-जा सकेंगे। पहले उन्हें कहीं भी जाने के लिए परिजनों अथवा अन्य व्यक्तियों की सहायता लेनी पड़ती थी। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, विशेषकर दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मानजनक एवं स्वावलंबी जीवन के लिए सक्षम बनाया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक मौजूद रहे।

# कृषकों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए बैठक, दुकानों का निरीक्षण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले के कृषकों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके, इसके लिए शुक्रवार को उपसंचालक कृषि कार्यालय महासमुंद में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में उप संचालक कृषि महासमुंद, जिला विपणन अधिकारी महासमुंद, नोडल अधिकारी (जिला सहकारी केंद्रीय बैंक) एवं इफको के मैनेजर उपस्थित रहे। बैठक में नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करें कि कृषकों को डीएपी एवं एनपीके के विकल्प के रूप में एसएसपी खाद का वितरण किया जाए। बताया गया कि वर्तमान में जिला विपणन अधिकारी के पास 1602 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। साथ ही 280 टन एनपीके को शीघ्र ही सहकारी समितियों में भंडारित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उर्वरकों के परिवहन की व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए। विकासखंड सरायपाली में कृषकों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की दिशा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली नम्रता चौबे के नेतृत्व में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में अतिरिक्त तहसीलदार मनीषा देवांगन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीएल मिर्धा एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एलके चौहान शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान सरायपाली के मेसर्स राजेश अग्रवाल एवं पटेल कृषि सेवा केंद्र का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने फर्म संचालकों को निर्देशित किया कि उर्वरक का वितरण केवल निर्धारित मूल्य पर और पॉस मशीन के माध्यम से ही किया जाए। साथ ही दुकानों में मूल्य सूची का स्पष्ट रूप से प्रदर्शन अनिवार्य किया जाए।

## ईवास वुडलैड स्कूल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



इवास वुडलैंड हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के बच्चों को विधिक संबंधी जानकारी देने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें पंकज आलोक तिर्की (द्वितीय जिला अति.सत्र न्यायाधीश) एवं पवन कुमार अग्रवाल (जिला अति.सत्र न्यायाधीश) शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन स्कूल इंचार्ज प्रकाश सोना द्वारा किया गया। प्राचार्य एस मसीह एवं संचालक एके मसीह द्वारा दोनों न्यायाधीशों का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में बच्चों को विधिक जानकारी दी और बच्चों को जागरूक किया कि मोबाइल से होने वाले अपराध, जादू-टोना आदि को विस्तार से समझाते हुये इन सारी चीजों से बचने व समझदारी से काम करने की जानकारी दी। न्यायाधीश पंकज आलोक तिर्की ने अपने संबोधन में बच्चों से विधिक संबंधी विषयों पर बारिकी से बच्चों के साथ चर्चा की व होने वाले अपराधों की जानकारी दी कि अगर कोई व्यक्ति कोई अपराध करता है तो उसके विरूध्द कौन से एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है, बैड टच, गुड टच के बारें में विस्तृत जानकारी बच्चों को दी और बताया कि ऐसे परिस्थिति में सबसे पहले अपने पालकों, शिक्षिकों को उसकी जानकारी दें। न्यायालय के कार्य क्षेत्र व लोगों के अधिकारों को विस्तृत रूप से समझाया और बच्चों को हमेशा जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुशीम सिंह ने दी।

### सुहाना रहा मौसम, दिनभर छाए रहे काले घने बादल

**सरायपाली।** नगर सहित अंचल में सुबह से शाम तक काले घने बादल छाए रहे। आसपास बारिश के बाद शाम को बादलों का मूड बदला और देर रात तक कहीं हल्की बारिश तो कहीं बौछारें कर दीं। इससे पहले बुधवार को भी मौसम में राहत मिलने से गुरुवार को दिन के साथ रात का पारा भी गिरा। दिन का पारा 30 और रात का 25 डिग्री पर रहने से दिन रात के तापमान में केवल 5 डिग्री का अंतर रहा। इससे लोगों को दिन के साथ रात में भी गर्मी से काफी राहत रही। शुक्रवार को भी नगर में बारिश का यही ट्रेंड रहा। इससे अभी दो से तीन दिन मौसम सुहाना रहा। दिन में न गर्मी और न ही उमस से परेशान भी नही हुए।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद की बैठक ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर में जिलाध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय को सत्र प्रारंभ होने के बाद ही नवीनीकरण का आदेश नहीं होने पर चर्चा की गई तथा बैठक में तय किया गया कि इस संदर्भ में एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर चर्चा करेंगे। साथ ही शासन द्वारा सरकारी स्कूलों को पाठ्य पुस्तक बच्चों को वितरण के लिए लिया जा रहा है। जबकि निजी स्कूल के बच्चों के लिए पुस्तक वितरण के लिये आदेश जारी नहीं हुआ है, जिस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ब्लाक महासमुंद प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के तरफ से महासमुंद

- **समस्याओं को लेकर डीईओ से मुलाकात करने का लिया निर्णय**

ब्लाक के सभी हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों के 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में टॉपर 1-1 विद्यार्थियों को 13 जुलाई को कार्यकम आयोजित कर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में समिति के पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंप दी गई है। बैठक के अंत में सरस्वती शिशु मंदिर के सेवानिवृत्त राजश्री ठाकुर के आकस्मिक देहावसान होने पर उन्हें एसोसिएशन द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में एसोसिएशन के पारस चोपड़ा, मनोहर महंती, आरके तिवारी, कुबेर गिरि गोस्वामी, श्री राव, राकेश श्रीवास्तव, सरिता शर्मा, संजय वासनिक, महेंद्र जैन समेत सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन ब्लाक अध्यक्ष माधव टांकसाले ने किया।

# रेडक्रास सोसाइटी का ऑनलाइन रक्तदाता जागरुकता क्विज़ कार्यक्रम जारी

### कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ाना एवं महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रसार करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा आयोजित ऑनलाइन रक्तदाता जागरुकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह (आईएएस) तथा सचिव पी कुदेशिया एवं भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष के निर्देशन एवं जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि अशोक गिरि गोस्वामी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक जारी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरुकता बढ़ाना एवं रक्तदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रसार करना है। इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिल रही है और अब तक 100 से अधिक प्रतिभागियों को डिजिटल माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किए जा चुके हैं।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद की प्रबंध समिति के पदाधिकारी संदीप दीवान सभापति, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार माल संरक्षक सदस्य, मनोज पींचा संरक्षक सदस्य, अनिता रावटे सदस्य, एम वॉय मेमन सदस्य, दाऊलाल चंदाकर सदस्य, माधवराव टांकसाले सदस्य, अरुणा शुक्ला सदस्य, ऐतराम साहू सदस्य, मनीष शर्मा सदस्य, संजय शर्मा सदस्य, सती साहू सदस्य, प्रमोद तिवारी सदस्य, प्रेम चंदाकर सदस्य, अरशी अनवर सदस्य, एआर बघेल सदस्य, अभिषेक पांडेय सदस्य, आकाश पाण्डेय सदस्य, सुनील शर्मा सदस्य, यशवंत चौधरी सदस्य, हीरा बंजारे सदस्य, राजेश्वर खरे सदस्य, विश्वनाथ, पाणिग्रही सदस्य, धर्मेन्द्र महोबिया सदस्य द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रबंध समिति के सदस्य राजेश्वर खरे ने कार्यालय में संचालित कार्यों की प्रशंसा की। क्विज़ में भाग लेने के कार्यालय सहायक तेजलाल देवांगन से संपर्क कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला संगठक अशोक गिरि गोस्वामी ने दी है।

## जांच चौकी टीम ने की 27 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई



**सरायपाली।** छत्तीसगढ परिवहन सचिव एवं आयुक्त एस. प्रकाश के निर्देशानुसार तथा अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के मार्गदर्शन में प्रदेश में खुले माल (कोयला एवं राखड़) का परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में परिवहन चेक पोस्ट खम्हारपाली द्वारा विभिन्न मार्गों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन जांच चौकी प्रभारी आरके बर्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि खम्हारपाली चेक पोस्ट की टीम द्वारा कोयला और राखड़ का परिवहन कर रहे वाहनों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कुल 27 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 40,500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही परिवहन निरीक्षक महेश साहू द्वारा वाहन चालकों को भविष्य में तिरपाल लगाकर माल का परिवहन करने एवं नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी खड़ी न करने की हिदायत दी गई है।

## प्रफुल्लित मन से सीखें योग के आसन



**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में विश्व योग दिवस पर बच्चों ने योगा के महत्व को समझा और अनेक आसनों का अभ्यास भी किया। कक्षा छठवीं की नौशीन, श्रेया और कक्षा सातवीं की नैना सिदरा कक्षा आठवीं की शाहिस्ता ने विश्व योग दिवस के महत्व एवं योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी। पश्चात गीतांजलि प्रधान एवं सोनिया बांदे ने बच्चे को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया तथा उनसे होने वाले फायदों की जानकारी दी। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ तन ही सबसे बड़ा धन है और एक स्वस्थ शरीर रहने पर ही हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का सबसे बड़ा साधन है। शाला की प्रधान अध्यापिका मिताली गुरुंग ने बताया कि 2014 में अंतरराष्ट्रीय संघ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी देशों ने स्वीकार किया और पिछले ग्यारह वर्षों से योग दिवस मनाया जा रहा है।

## सोनापुटी में मनाया गया योग दिवस



**बागबाहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी एवं ग्राम पंचायत सोनापुटी के संयुक्त तत्वावधान में शाला परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शाला के शिक्षकों के द्वारा बच्चों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधि को योगाभ्यास कराया गया। शाला के प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू ने योग का जीवन में महत्व के बारे में बताया कि प्रतिदिन योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। सेहतमंद रहने का इससे बेहतर उपाय कोई नहीं है। ग्राम पंचायत सोनापुटी के सरपंच बिमला रेखराज निषाद ने लोगों को योग दिवस पर बधाई देते हुए नियमित रूप से प्रतिदिन योग व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत सोनापुटी के सचिव पुनुराम साहू, पंच मेघनाद टंडन, ग्राम प्रमुख पुराणिक निराला, राजकुमार साहू, छबिराम, अनिल ध्रुव, रेखराज निषाद, देवशरण दीवान, आंगनबाड़ी कार्य कर्ता रामेश्वरी घृतलहरे, शिक्षक डेरहा यादव व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में मनाया योग दिवस



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से जिला के महामंत्री से प्रदीप चंद्राकर, कार्यक्रम के सह प्रभारी एमआर विश्वनाथन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष गण राजेंद्र चंद्राकर, झनक लाल साहू, कल्पना सूर्यवंशी, कार्यालय प्रभारी हनीश बग्गा, मीडिया प्रभारी पांडुरंग मदनकार, गोविंद ठाकुर, आईटी सेल सदस्य शरद राव, परमानंद साहू, पार्षद गण सीता डोंडेलर, माखन पटेल, मनीष शर्मा एवं कार्यकर्ता गण एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की योग अभ्यास प्रत्येक जन को अपने दैनिक जीवन में लाना चाहिए।

### बोईरगांव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पटपरपाली में योग शिविर

# विभिन्न आसन और प्राणायाम सीखकर लिया स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली (कोमाखान)**



11वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस है। भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत पटपरपाली, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक शाला पटपरपाली-बाम्हनडीह परिसर में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग प्रशिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक केवलराम टण्डन ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और ध्यान की विधियां सिखाईं। उन्होंने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी। योग शिविर में सम्मिलित ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि योग से शरीर ही नहीं मन भी स्वस्थ होता है। यह विश्व को भारत की एक अमूल्य देन है। आज विश्व भर में यह विभिन्न रूपों में प्रचलित है। पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। योग मन और शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है। नियमित योग के करने से शरीर निरोग रहता है। योग के करने से आपका शरीर स्वस्थ रहेगा योग से मन मस्तिष्क एकाग्र होता है, मन को शांति मिलती है एवं आत्मबल मजबूत होता है। आप सभी प्रतिदिन योग करेंगे। पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षिका सुलन चंद्राकर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, प्राथमिक शाला पटपरपाली शिक्षिका ज्योति मेश्राम, शिक्षक प्रतीक चंद्राकर, पंचगण थलेश्वरी साहू, सुनीता साहू, कांति साहू, मुकेश गुप्ता, मनोज साहू, ललिता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीना साहू, सोसायटी सहायक सुरेंद्र साहू, पंचायत सहायक मुकेश साहू, सक्रिय महिला समूह ललिता साहू, प्रेमलता साहू, कृषि सखी दीदी भुनेश्वरी गजभीम, छगनी निषाद, वासना साहू, भनत साहू आदि का सहयोग रहा।

## खोपली स्कूल में संयुक्त रूप से हुआ योगाभ्यास



**बागबाहरा।** शासकीय हाई स्कूल परिसर में पीएमश्री स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं हाईस्कूल खोपली संयुक्त रूप से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मां सरस्वती एवं योग गुरु पतंजलि का पूजा अर्चना से किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप में निरंकार चंद्राकर द्वारा विभिन्न योग मुद्राओं द्वारा योग एवं आसन कराया गया। योग और आसन के फायदे के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विद्यासागर ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत खोपली, दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष एसएमडीसी, भीमसेन चंद्राकर, जयंति चंद्राकर, रूप लाल टांडे, भोपाल सिंह बंजारा प्राचार्य हाईस्कूल, प्रमिला साहू, ममता साहू, महेंद्र बंजारे, पुष्पा चंद्राकर, किशन साहू, रजनी दीवान, माधुरी रात्रे, सोहद्रा देवांगन प्रधान पाठिका पीएमश्री स्कूल, क्षमता साहू, डिंपल वर्मा, पालकगण, रसोइया, प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## योग में वह शक्ति है कि कलयुग को ऋषि-युग में बदल देः डॉ अनुसुइया

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनाया गया। कुंती देवांगन (योग शिक्षिका) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 2014 से प्रतिवर्ष 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत महाविद्यालय में 15वाँ योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आधुनिकीकरण, कार्य के दबाव तथा प्रदूषण के कारण हमें कई तरह की बीमारियां लग रही है, इसके निदान तथा समाधान के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग शिक्षिका कुंतु देवांगन ने आधिकारिक रूप से प्रदत्त प्रोटोकॉल के आधार पर विभिन्न प्रकार की योगासनों की उपयोगिता की जानकारी देते हुए सभी को योगासन करवाया। उन्होंने बताया कि इस बार के योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग३ है। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि योग बुद्ध बनने की दिशा का सूत्रपात है। रामायण के रचयिता बाल्मीकि में जब योग नहीं था तब वे लुटेरे थे, जब योग हुआ तो युगऋषि बन गए। योग मन की चंचलता को नियंत्रित कर उसे सुकून और शांति प्रदान करता है। योग से जीवन की समस्त उलझनों का स्थाई समाधान मिल सकता है। योग कर्म नहीं साधना है। मन को साध कर स्वयं पर नियंत्रण करना हमें योग सिखाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वाणिज्य तरुण कुमार बांधे, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र रवि देवांगन, महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी तृपेश कुमार साहू तथा प्रयोगशाला तकनीशियन शेषनारायण साहू उपस्थित थे।

# हाथीबाहरा में मनाया गया योग दिवस






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथीबाहरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का समारोह योग के वैश्विक महत्व और स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। सुबह 7 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में निशा चंद्राकर सरपंच (ग्राम पंचायत हाथीबाहरा), धनंजय अनुपम (सीएमएस फाउंडेशन, शिखर युवा मंच), सागर चंद्राकर (समाज सेवी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने योग के दर्शन और इसके दैनिक जीवन में निहितार्थों पर प्रकाश डाला और बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को एकजुट करने की एक कला है।

इस अवसर पर विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम ग्राम पंचायत हाथीबाहरा, शाला परिवार, शिखर युवा मंच सीएमएस फाउंडेशन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथीबाहरा के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। योग प्रशिक्षक गोविंद चौधरी, खेमचंद चक्रधारी के मार्गदर्शन में, प्रतिभागियों ने सामान्य आसनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, और ध्यान मुद्राओं का अभ्यास किया। सत्र का समापन शांति पाठ और ध्यान के साथ हुआ, जिसने सभी में शांति और सद्भाव की भावना पैदा की। इस कार्यक्रम में छात्र, वरिष्ठ नागरिक, स्थानीय निवासी, आदि शामिल थे। सभी आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी ने योग की सार्वभौमिक अपील को प्रदर्शित किया। संस्था प्रभारी डॉ किशोर साहू ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारा उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को अपने जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। हमें विश्वास है कि इस तरह के आयोजन स्वस्थ और खुशहाल समाज के निर्माण में सहायक होंगे कार्यक्रम स्थल पर जलपान और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने वाले स्टॉल भी लगाए गए थे। इस आयोजन ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया बल्कि मानसिक शांति और सामुदायिक सद्भाव को भी सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राहुल बाघ, संदीप राव, शिखर युवा मंच एवं टीम, चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रफुल्ला ठाकुर, राजकुमार चंद्राकर, सुनील ठाकुर, बहादुर यादव, असन कुमार ठाकुर, ममता चंद्राकर, किरण नेताम, बलराम ठाकुर, जोनोबाई नेताम, टंकेश्वरी माझी, भुनेश्वर ठाकुर का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## देवरी स्कूल में कराया योगाभ्यास



महासमुंद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखण्ड बागबाहरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सेवानिवृत शिक्षक बीआर साहू की विशेष उपस्थिति और महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना खरियार रोड से पहुंचे योग प्रशिक्षक पौरुष आर्य, निवास आर्य के सहयोग से किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, समस्त स्टॉफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, वज्रासन, वक्राशन, शीर्षासन , मंडूकासन, धनुरासन,पवनमुक्तासन, वृक्षाशन आदि आसनों को कर के बताया गया। संस्था के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने योग के महत्व पर विस्तारपूर्वक बताते हुए अपने दिनचर्या में नियमित योग शामिल करने के लिए सुझाव दिया। बीआर साहू ने बताया कि नियमित योग अपना कर अपने आप को स्वस्थ रख सकते है। संचालन और व्यवस्था में व्याख्याता परस राम सिन्हा, नेश लाल धृतलहरे का सहयोग रहा। इस अवसर पर व्याख्यातागण संजय कुमार बारसागड़े, बीएल टंडन, रवि प्रकाश, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आनंद राम व्यौहार, बीआर ध्रुव, आशीष दीवान, शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारती, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव, धनेश्वरी सेन, संजना, ऐश्वर्या साहू, दामिनी, पुष्पा, लक्ष्मी बंजारे, नीरज बंजारे, मुदित यादव, दयासागर एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांकरा एवं सावित्रीपुर स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया योग दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा**






अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आत्मानंद शासकीय विद्यालय सांकरा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षकाओं और जनप्रतिनिधियों के द्वारा योग, प्राणायाम का सामूहिक रूप से योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर सांकरा में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि योग से हमें शरीर के साथ मन की भी शांति मिलती है, लगातार योग करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, शरीर स्वस्थ रहता है।

संस्था सावित्रीपुर स्कूल के प्राचार्य सिदार ने कहा कि हर साल 21 जून को दुनिया भर के लोग अंतरराष्ट्रीय योग मानते हैं, योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है, जो आपकी हर बॉडी पार्ट को हेल्दी रखने का काम करता है। वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि योग वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है, योग की महिमा ऐसी है कि यह न केवल आपकी शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। ऐसे हर साल 21 जून को दुनिया भर के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही चाव से मनाते हैं। बीडी साहू ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा रहा है यह केवल व्यायाम नहीं बल्कि एक ऐसी विधा है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का कार्य करती है। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी सर कहा कि इस दिन का मकसद योग के लाभों से लोगों को जागरूक करना है। इसके अलावा योग दिवस हमें अपनी भाग दौड़ भरी जिंदगी में रुककर अपने भीतर झांकने और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। इस दिन भारत समेत दुनियाभर में लोग सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हैं। मिडिल स्कूल हेडमास्टर एसएल पटेल सर ने कहा कि योग दिवस मनाने का सबसे बड़ा मकसद इसके लाभों को पूरी दुनिया में फैलाना है। योग के फायदे को देखकर पूरे विश्व में इसे दिल से स्वीकार किया है। भारत के ऋषियों ने इस विज्ञान को गहन अभ्यास और चिंतन से विकसित किया है। प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक महेंद्र तांडी ने कहा कि हर साल योग दिवस की एक थीम रखी जाती है, इस साल यानी 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है_योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग३। इस साल की थीम बताती है कि हमारी सेहत और धरती की सेहत एक दूसरे से जुड़ी हुई है। यह भारतीय संस्कृति की वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा से जुड़ी है। डी के भारती सर ने कहा कि योग केवल शरीर को मोड़ने मरोड़ने की क्रिया नहीं, बल्कि आत्म साक्षात्कार की वह प्रद्धति है। उत्तम भोई ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, यह समरसता, सामूहिकता और समर्पण का आव्हान है। सांकरा कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य पुरषोत्तम धृतलहरे, सरपंच सांकरा सतपाल सिंह छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, स्कूल अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जनपद सदस्य सांकरा कवलजीत छाबड़ा, प्रचार्य देवांगन महामंत्रीद्वय मनोज बारीक, झाड़ूराम परमार, डॉ सुशील प्रधान उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में मनाया गया योग दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर**

सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल भंवरपुर के साथ स्कूल छात्रों ने अपने गुरुजनों के साथ मिलकर योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और योग के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्था के प्राचार्य कमल स्वर्णकार ने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापन बढ़ता है, मानसिक तनाव कम होता है, और आत्मिक शांति मिलती है।



कार्यक्रम में छात्रों की भागीदारी

कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। छात्रों ने सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, और स्वासान जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम सफल रहा। छात्रों ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और योग के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी जानकारी मिली। इस अवसर पर स्कूली बच्चों सहिंत मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी मंडल महामंत्री कमल स्वर्णकार, कार्यक्रम में देवकी पुरुषोत्तम दीवान जिला पंचायत सभापति महासमुंद, मधु खुटे सभापति जनपद पंचायत बसना, दुखनी बाई चौहान सभापति जनपद पंचायत बसना, सोहन पटेल पूर्व जनपद सदस्य जनपद पंचायत बसना विद्या चौधरी पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अध्यक्ष जिला सहकारी सोसायटी भंवरपुर, डाक्टर शिव चौधरी पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवरपुर, पुरुषोत्तम अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवरपुर, भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन पूर्व मंडल महामंत्री भंवरपुर मंडल, गुलाब किशोर स्वर्णकार पूर्व मंडल महामंत्री भंवरपुर मंडल, झनकराम चौधरी प्राधिकृत अध्यक्ष जिला सहकारी सोसायटी सलखंड संतराम निषाद प्राधिकृत अध्यक्ष जिला सहकारी सोसायटी उड़ेला सुशिला बारिक मंडल उपाध्यक्ष भंवरपुर राधा डड़सेना, संतोषी डड़सेना, रजना देवांगन, मीरा वैष्णव युधिष्ठिर कर सेवा निवृत्त शिक्षक भंवरपुर, प्रेम खुटे, ईश्वर जांगड़े, देवलाल बंजारे, सहिंत स्कूल के आचार्य सावित्री डड़सेना, पुष्पा डड़सेना, मोतीलाल यादव, नयन कुमार वास, देवेंद्र सेठ, पुष्पलता प्रधान, डिग्री लाल निषाद, अंतर्यामी बारीक, लक्ष्मी पटेल, जानकी बंजारा, कंवल दास, उद्धव पटेल, शुभम दास, नीलम साहू, उर्वशी भोई, रोशनी चौहान, कुंजमोती यादव, गुरुषा नायक, परशुराम यादव, भारती रॉय, हरिप्रिया नायक उपस्थित थे।

# केवि में अंतराराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में 21 जून को 11वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन के आदेशानुसार 21 जून को प्रातः 630 बजे से प्राचार्य, बच्चों और सभी शिक्षकों की उपस्थिति में योग की सूक्ष्म क्रियाएं आरंभ हुई। योग शिक्षिका भारती के निर्देशन में सभी ने सूक्ष्म व्यायाम क्रियाओं के साथ-साथ ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पश्चिमोत्तानासन, सूर्य नमस्कार, भ्रस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि योग संबंधित क्रियाएं की। अंत में सभी बच्चों से शवासन भी करवाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय महासमुंद के प्राचार्य संजय कंसल ने विद्यालय परिवार से कहा कि योग और प्राणायाम से हम सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः की उक्ति को साकार कर सकते हैं। योग हमारे प्राचीन ऋषिमुनियों द्वारा सम्पूर्ण विश्व को दी गई एक ऐसी कला है, जिससे हम सदैव निरोगी रह सकते हैं। योग केवल एक दिन करने का विषय नही है, अपितु योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए। ताकि, हम निरोगी जीवन जी सकें, क्योंकि संसार में प्रथम सुख निरोगी काया कहा गया है। इस तरह प्राचार्य ने सभी को प्रातः नियमित योग करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने आभार किया। संचालन खेल शिक्षक सोहनलाल ने किया।



